an>

Title: Need to develop Mahamaya Temple, Ratanpur in Bilaspur district of Chhattisgarh and also provide facilities to the pilgrims visiting the temple.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर) ः छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर अंतर्गत महामाया मंदिर (भद्राकाली), रतनपुर में 12वीं शताब्दी से स्थित छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य मंदिरों में से एक है। जिसके साथ अनेकों मंदिर भी स्थित हैं, जो आस्था का केंद्र हैं। जिसमें साल भर देश-विदेश से सैलानियों की आवाजाही लगी रहती है। केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से उक्त मंदिर के उन्नयन के साथ-साथ दर्शनार्थियों के रूकने के लिए अतिशीघ्र विश्रामालय भी बनवाया जाए, सुरक्षा-संरक्षा की भी अति आवश्यकता है, जिससे उपयुक्त व्यवस्था संभव हो सकेगी। दर्शनार्थियों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकेगा।

अतः पुनः अनुरोध है कि उक्त विषय को सरकार द्वारा गंभीरता से लेते हुए कार्य को अतिशीघ्र सम्पन्न कराए, जनता की माँग एवं जन कल्याण की दृष्टि से मैं यह माँग करता हूँ।